शुभम संदेश
धनबाद, शनिवार, 05 जुलाई 2025



# हेवी ब्लास्टिंग से पड़ी दरारें, टूटी दीवार

**खास बातें**

- बीसीसीएल एरिया चार के मुंडा धौड़ा की घटना
- ग्रामीणों में हड़कंप, सांसद चौधरी ने लिया हाल



शुभम संदेश। कतरास

बीसीसीएल एरिया चार अंतर्गत कांटा पहाड़ी में संचालित मां अम्बे आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा हेवी ब्लास्टिंग के कारण शुक्रवार को बुट्टू बाबू बंगला मुंडा धौड़ा में जमीनों में दरारें आ गईं. साथ ही दो घरों के दीवार गिर गए. घटना को लेकर भुक्तभोगी ग्रामीणों ने बताया कंपनी की हेवी ब्लास्टिंग के बाद जमीन धंसने और आसपास के जमीन पर बड़ी दरार आ गई. घरों की दीवारें टूट गई हैं. बीसीसीएल प्रबंधन विस्थापन नीति के तहत हमलोगों को सुरक्षित स्थान पर विस्थापित करें. लोगों की जान जोखिम में है लेकिन प्रबंधक विस्थापन को लेकर कोई ठोस पहल नहीं कर रही है .इधर घटना की सूचना पाकर गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी मुंडा धौड़ा पहुंचे और प्रभावितों से मुलाकात की. सांसद ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन का हमेशा रवैया शौषण करने का रहा है. कोयला खनन के क्षेत्र में आनेवाले लोगों को विस्थापन नीति का लाभ कभी दिया ही नहीं. बीसीसीएल प्रबंधन अगर विस्थापन नीति का लाभ देता तो लोग जान जोखिम में डाल कर नहीं रहते. बीसीसीएल प्रबंधन और आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा प्रशासन से मिलकर दबाव बनाती है, झूठे आश्वासन देती है. यहां के लोग डरे सहमे हुए हैं. लोगों ने अपनी व्यथा बताई है. प्रभावियों को विस्थापन नीति का लाभ मिले इसके लिए सही प्लेटफार्म पर बात रखी जाएगी.

# आउटसोर्सिंग परियोजना में हेवी ब्लास्टिंग पर रोक के लिए त्रिपक्षीय वार्ता

## सुशी आउट सोर्सिंग में ब्लास्टिंग के मामले में जोरापोखर थाने में हुई बैठक

शुभम संदेश। झरिया

सुशी आउटसोर्सिंग परियोजना में हो रही हेवी ब्लास्टिंग के कंपन एवं पत्थरों के उड़कर आसपास के मोहल्लों में जाने से जानमाल की ख़तरों से प्रभावित मोदीभिट्ठा बस्ती के ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को झरिया सीओ मनोज कुमार ने जोरापोखर थाना में त्रिपक्षीय समझौता वार्ता किया. वार्ता में एकीकृत जयरामपुर कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी एके पांडेय,प्रबंधक शांतनु शील,थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा एवं बस्ती के पांच दर्जन रैयत व ग्रामीण शामिल थे. जेएलकेएम के नगर अध्यक्ष शक्ति नाथ महतो ,सुरेश चक्रवर्ती ,वीना देवी एवं पार्वती देवी ने सीओ को बस्ती के बगल में चल रही आउटसोर्सिंग परियोजना में हेवी ब्लास्टिंग पर रोक लगाने, ब्लास्टिंग से क्षतिग्रस्त हुए आवासों की मरम्मती कराने, बस्ती के रैयतों को आरआर पॉलिसी के तहत जमीन के बदले नियोजन और मुआवजा देने को जरेडा में 2017 में रैयतों द्वारा जमा की गई जमीन की कागजात का तत्काल समाधान करने, सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सुविधाओं के साथ बस्ती के लोगों को विस्थापित करने तथा विस्थापित बेरोजगारों को परियोजना एवं मैनुअल लोडिंग में रोजगार देने की मांगें रखी. समाधान होने तक बस्ती के समीप चल रही परियोजना में खनन कार्य पर रोक लगाने की भी बात रखी. बैठक में कोयला अधिकारियों ने परियोजना में संतुलित ब्लास्टिंग करने तथा ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए ग्रामीणों द्वारा गठित पांच सदस्यीय कमिटी के साथ वार्ता कर समाधान करने का सीओ एवं ग्रामीणों को आश्वासन दिया है. इस दौरान सीओ मनोज कुमार ने प्रबंधन को बस्ती के रैयतों की जमीन संबंधी जरेडा को दी गई कागजातों पर बात कर सभी कागजातों के साथ पुनः 14 जुलाई को रैयतों की समस्याओं पर वार्ता करने को आने का निर्देश दिया है. इस दौरान ग्रामीण महिलाओं ने सीओ से आगामी वार्ता के पहले बस्ती में समस्याओं से होने को निरीक्षण करने की मांग की. । ग्रामीणों की मांग पर सीओ ने बस्ती में आने का लोगों को आश्वासन दिया है. वार्ता में सुरेश चक्रवर्ती, नेपाल भट्टाचार्य, मुकेश महतो, मनौती कुमारी, रामप्रसाद सिंह, सरिता कुमारी, भानु देवी, ममता देवी,जोशना देवी, दिलीप सिंह, विजोला देवी आदि थे.

**ब्रीफ खबरें**

### चपराडंगाल में फांसी लगाकर आत्महत्या

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना अंतर्गत तालडांगा हाउसिंग के समीप स्थित चपराडंगाल में करीब 40 वर्षीय राजू सिकदर ने अपने आवास में गुरुवार की रात्रि में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है. घटना की सूचना मिलते ही चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय, एसआइ शशि प्रकाश सहित पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुँचकर परिजनों से पूछताछ की. पुलिस ने शव को जब्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है. चिरकुंडा थाना में लिखित शिकायत दर्ज की गई है.

### डीजीएमएस आकर देखे कैसे होती है ब्लास्टिंग : चौधरी

**तेतुलमारी।** ईस्ट बसुरिया खटाल में शुक्रवार को आजसू पार्टी द्वारा गिरीडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया. आजसू पार्टी के अभिनंदन समारोह में जहां कार्यकर्ताओं में जोश था, वहीं कार्यक्रम में सांसद के निशाने पर बीसीसीएल प्रबंधन रहा.चंद्र प्रकाश चौधरी बीसीसीएल प्रबंधन पर जमकर बरसे. चौधरी ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन को लोगों की जान की परवाह नहीं है. सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने हेवी ब्लास्टिंग से क्षतिग्रस्त हुए आवास और प्रबन्धन द्वारा विरोध करने वाले निर्दोष लोगों पर केस कर जेल भेजने के षडयंत्र पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि हेवी ब्लास्टिंग से कई घरों में दरार पड़ी है. लोग चोटिल हुए और इसका विरोध करने पर निर्दोष लोगों पर केस कर लोगों को जेल भेज दिया गया. लोग दहशत के माहौल में जीवन बसर कर रहे हैं. डीजीएमएस धनबाद को देखना चाहिए कि कंपनी कैसे ब्लास्टिंग करती है. कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो ने और संचालन नागेंद्र तुरी ने की. कार्यक्रम में पूर्व जिप सदस्य संतोष महतो, गिरधारी महतो आदि शामिल थे.

### टुंडी : इंटर के छात्रों को मिला सम्मान

**टुंडी।** पूर्वी टुंडी के बिनोद बिहारी महतो स्मारक इंटर कालेज बडवाद में इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, बीडीओ पुष्कर सिंह मुंडा, सीओ सुरेश प्रसाद वर्णवाल, थाना प्रभारी रवि कुमार, झामुमो नेता दिनेश महतो, प्राचार्य कार्तिक महतो शामिल हुए. कॉलेज में कला विषय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले चितरंजन किस्कू, द्वितीय स्थान में समत बास्की, तृतीय स्थान में मेराज सिद्दीकी, एवं वाणिज्य विषय में प्रथम स्थान सरोज मुर्मू ,द्वितीय स्थान में प्रिया कुमारी को अंग वस्त्र, बुके एवं डायरी, कलम आदि देकर पुरस्कृत किया गया. छात्र- छात्रों के साथ उनके अभिभावक को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया. टुंडी विधायक ने प्रखंड में डिग्री कॉलेज स्थापना करने को लेकर बात कही. परीक्षा में सफल सभी 46 छात्रों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया. पुरस्कृत कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरीलाल किस्कु, प्रखंड उपाध्यक्ष दिनेश रजक, बसंत महतो,रफीक अंसारी,लटानी पंचायत के मुखिया ऐनुल हक, संतलाल बाबा, शिक्षक में दिनेश महतो, मुकेश महतो, रमेश महतो, दिनेश मंडल आदि मौजूद थे.

# रामकनाली कोलियरी के विद्युत सबस्टेशन में लूट

## हथियारबंद अपराधियों ने कर्मियों को बंधक बनाकर लूटा लाखों का केबल

### लगातार घटनाओं से परेशान ग्रामीणों ने किया पुलिस-प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन





शुभम संदेश। कतरास

हथियार बंद नकाबपोश अपराधियों ने गुरुवार की देर रात रामकनाली कोलियरी के विद्युत सब स्टेशन धावा बोलकर दो कर्मियों को बंधक बनाकर करीब 250 फीट कापर केबल लूट लिया. घटना से आस-पास के कॉलोनियों में पिट वाटर व बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई. जिससे लगभग तीन हजार की आबादी प्रभावित हो गई है. खबर पाकर कोलियरी प्रबंधन, सीआईएसएफ तथा रामकनाली ओपी पुलिस मौके पर पहुंचकर जायजा लिया. इधर बार-बार केबल चोरी और लूट की घटनाओं से आक्रोशित होकर रामकनाली के ग्रामीण विधुत सब स्टेशन पहुंचे और स्थानीय पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध-प्रदर्शन किया. इस दौरान ओपी प्रभारी व ग्रामीणों में नोक झोंक हुई.

ओपी प्रभारी के गलत व्यवहार से आहत ग्रामीणों ने गिरिडीह सांसद सदस्य चन्द्रप्रकाश चौधरी को मामले से अवगत कराते हुए ओपी प्रभारी की शिकायत की. ग्रामीणों की शिकायत पर शुक्रवार की दोपहर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी रामकनाली पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली. स्थानीय महिलाओं को आश्वासन दिया कि ग्रामीणों को पुलिस की धमकी से डरने की जरूरत नहीं है. पुलिस जनता का सेवक होता है अगर पुलिस बेवजह किसी को परेशान करती है तो उनकी छुट्टी करवाना हमारा काम है. उन्होंने दूरभाष पर बीसीसीएल प्रबंधन व पुलिस प्रशासन के वरीय अधिकारियों से बातचीत मामले की जानकारी दी. साथ ही इस क्षेत्र में जल्द बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा.

### महुदा अंचल के छह थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च



शुभम संदेश। महुदा

महुदा थाना अंचल के अंतर्गत के थानों में महुदा अंचल निरीक्षक ममता कुमारी के नेतृत्व में छह थाना के पुलिस के साथ अंचल क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया. महुदा पुलिस निरीक्षक ममता कुमारी के नेतृत्व में महुदा थाना, भाटडीह ओपी ,खरखरी ओपी, मधुबन थाना ,सोनारडीह ओपी ,धर्माबांध ओपी पुलिस जवानों और थाना एवं ओपी प्रभारी के साथ महुदा थाना से महुदा बाजार, लालबंगला,छत्रुटांड़, मुरूलीडीह , भाटड़ीह , तेतुलिया -2, बेलाखोन्दा , कुमारडीह , कचर्रा , कंचनपुर , भुरूंगिया , कांड्रा , सीमाटांड , तेलमोचो ,कुंजी,महुदा मोड़ आदि जगहों का भ्रमण कर फैलेग मार्च करते हुए लोगों को शांति और सद्भावनाओं के साथ मुहर्रम त्योहार मनाने का अपील की. मार्च में इन्स्पेक्टर ममता कुमारी ,थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ,ओपी प्रभारी अनुप कुमार सिंह , एसआई बाजुम हेम्ब्रम, एएसआई महेन्द्र कुमार राम ,एस के शर्मा ,बिनोद कुमार सिंह, सुबल कुमार गयाली मौजूद थे.

# गोविंदपुर में फ्लैग मार्च, शांतिपूर्ण मुहर्रम का त्योहार मनाने की अपील

शुभम संदेश। गोविंदपुर



मुहर्रम को लेकर गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर विष्णु कुमार राउत के नेतृत्व में शुक्रवार शाम फ्लैग मार्च निकाला गया. इसमें शामिल पुलिस अधिकारियों ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया और लोगों से शांतिपूर्ण मुहर्रम मनाने की अपील की. पुलिस इंस्पेक्टर ने कहा कि मुहर्रम को लेकर प्रशासन चौकस है और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है. इसके पूर्व गोविंदपुर थाना परिसर में सभी अखाड़ा दलों के लाइसेंसियो की बैठक हुई. इसमें फकीरडीह के तासीर अली अंसारी ने सभी मुहर्रम कमेटियों से भाईचारा और के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाने की अपील की. उन्होंने कहा कि जीटी रोड या बलियापुर रोड किसी भी हालत में जाम नहीं किया जाना चाहिए. इससे एंबुलेंस भी फंस जाते हैं और मरीज की दुर्गति हो जाती है. सभी अखाड़ा दल ने इस पर सहमति जताई. कोई भी अखाड़ा दल डीजे नहीं बजाएगा, लाइसेंस के रूट के अनुसार ही सभी चलेंगे. बैठक में पूर्व मुखिया मोबिन अंसारी, युसूफ अंसारी, शकील अख्तर, रिजवान अंसारी, गुलाम मुंतका, बबलू अंसारी, युसूफ शेख, मनीरूद्दीन अंसारी, शरीफ अंसारी, राहत हुसैन, शमीम अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, मोइन अंसारी, रफीक अंसारी, शंभू अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी समेत सभी लाइसेंसी मौजूद थे.

**न्यूज अपडेट**

### जीतपुर कोलियरी खदान के मामले में डीसी से गुहार

**झरिया।** सेल कंपनी की जीतपुर कोलियरी को जल रिसाव से संभावित खतरा बताकर प्रबंधन द्वारा 1 जुलाई से खदान को बंद किए जाने का मामला तूल पकड़ते जा रहा है. मामले को लेकर संयुक्त मोर्चा के समर्थकों ने एक ओर जहां शुक्रवार को कोलियरी परिसर में विरोध प्रदर्शन कर खदान चालू कराने की प्रबंधन से मांग की तो वहीं ठेका कर्मियों एवं स्थानीय समस्याओं के मुद्दे पर शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के महामंत्री अवधेश यादव के नेतृत्व में रणजीत यादव, रीना पासवान एवं उदय शर्मा ने उपायुक्त से मिलकर तीन सूत्री मांगपत्र सौंपा. उपायुक्त से जनहित तथा मजदूर हित में तत्काल हस्तक्षेप कर समस्याओं के अविलंब समाधान करने की मांग की है. मांगपत्र में यादव ने सेल के वर्तमान जीएम मनीष कुमार पर साजिश के तहत ठेकेदार को लाभ पहुंचाने को तथा 856 करोड़ की पेनाल्टी का घोटाला करने को गलत मसौदा तैयार कर खदान को बंद करने का आरोप लगाते हुए खदान बंदी से जुड़ी सभी मुद्दे की जांच कराने की बात रखी. उन्होंने उपायुक्त से कहा कि खदान बंद होने से जीतपुर के लगभग बीस हजार लोग पानी बिजली की समस्या से प्रभावित होंगे तथा 6 सौ असंगठित मजदूर बेरोजगार हो जाएंगे. नेताओं ने कहा कि जबतक मजदूरों तथा स्थानीय लोगों को न्याय नहीं मिलता है तब तक उनके संगठन का आंदोलन जारी रहेगा.

### पीबी एरिया में संयुक्त मोर्चा का प्रदर्शन



**पुटकी।** केंद्र सरकार विरोधी नीति के खिलाफ नौ जुलाई को आहुत देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने को लेकर पीबी एरिया पर संयुक्त मोर्चा ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया. पहलगाम की घटना व भारत-पाक युद्ध के कारण मोर्चा ने आंदोलन को स्थगित कर दिया था. क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन में एटक, बीसीकेयू, जमसं,आरसीएमयू आदि श्रमिक संगठन शामिल थे. जिन्होंने केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीति का विरोध करते हुए नारेबाजी की. मजदूरों से राष्ट्र व्यापी हड़ताल में शामिल होकर सफल बनाने की अपील की. प्रदर्शन में रघुनाथ प्रसाद,निरंजन महतो,सुरेश तांती, अक्षयपर प्रसाद, बद्री सिंह,रूपेश सहित कई प्रतिनिधि मौजूद थे.

### चार छात्रों का मॉडल स्कूल के लिए चयन



**कतरास।** शुक्रवार को संकल्प एजुकेशन अंगारपथरा में छह में से चार छात्रों का चयन मॉडल स्कूल के लिए हुआ है. छात्रों का चयन होने की खबर मिलते ही खुशी की लहर दौड़ पड़ी .ज्ञात हो कि मॉडल स्कूल जैक एफिलिएटिड इंग्लिश मीडियम स्कूल है. नामांकन के लिए झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा प्रवेश परीक्षा ली गई थी. जिसका परीक्षा फल शुक्रवार को प्रकाशित हुआ और उसमें स्नेहा कुमारी ,रोहित कुमार हजरा ,प्रियांशु मुर्मू ,एवं गोपी कुमार महतो का चयन अंतिम रूप से हो गया है. संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो ने सभी सफल छात्र छात्राओं को हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. मौके पर संकल्प एजुकेशन के प्रबंध निदेशक मनोरमा देवी ,शिक्षक शैलेंद्र कुमार यादव ,कुणाल कुमार शर्मा, मुक्तेश्वर दुबे आदि ने भी शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

### केंदुआ में पुलिस की गश्ती

**केंदुआ ।** मुहर्रम में शांति व्यवस्था को लेकर केंदुआडीह पुलिस ने शुक्रवार की शाम मोटरसाइकिल से मार्च पास्ट किया. थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रमोद पांडे के नेतृत्व में केंदुआ, गोधर, हाजरा बस्ती, अलकुसा, कुस्तौर, मटकुरिया आदि इलाकों का भ्रमण किया।. पुलिस टीम में पुअनि धीरज मिश्र, अनूप खलको, गोपाल टोप्पो, सअनि जनकदेव सिंह, रवि रंजन सहित 25 पुलिस शामिल थे. इंस्पेक्टर पांडे ने कहा कि थाना क्षेत्र के हर सात अखाड़ों के साथ पुलिस टीम मौजूद रहेगी.

# तिलाबनी और मुर्गाबनी गांव में शांति बहाल करने की कवायद जारी

## सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने के लिए पुलिस-प्रशासन की बैठक

### दोनों गांव के 10-10 लोगों की कमेटी गठित

शुभम संसदेश। गोविंदपुर

तिलबानी गांव में उत्पन्न विवाद एवं तिलावनी एवं मुर्गाबनी के बीच बिगड़े सांप्रदायिक तनाव को सौहार्दपूर्ण बनाने के लिए दोनों गांव के ग्रामीणों के साथ पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने शुक्रवार को गहिरा स्थित आईटीआई कॉलेज में बैठक किया. बैठक में डीएसपी शंकर कामती ने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द को बिगड़ने की छूट किसी को नहीं दी जाएगी. ऐसा करने वाले कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहे. अंचल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि तिलबानी एवं मुर्गाबनी के लोग भाईचारा के साथ रहे,प्रशासन सहयोग के लिए तैयार हैं. अगर भाईचारा के साथ नहीं रहेंगे और सांप्रदायिक तनाव बनाएंगे तो ऐसे तत्वों को छोड़ा नहीं जाएगा. थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विष्णु प्रसाद राउत ने कहा कि इस मामले में दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी. ऐसे लोग जेल जाएंगे. उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाले लोग पुलिस को हल्के में नहीं ले. उसे छोड़े नहीं जाएंगे. तिलबानी के ग्रामीणों ने घटना से पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया और कहा कि बुधवार की देर रात मुर्गाबनी कुछ लोगों ने जिस तरह से घटना को अंजाम दिया है, वह काफी निंदनीय है. ऐसे लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होना चाहिए. मुर्गाबनी के ग्रामीणों ने कहा कि जिन लोगों ने घटना को अंजाम दिया है.उन पर कानूनी कार्रवाई हो लेकिन किसी निर्दोष को फसाया नहीं जाए. बैठक के अंत में पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने दोनों गांव के 10-10 लोगों की कमेटी का गठन किया. कमेटी को गांव में शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित करने, एक दूसरे के गांव में आने जाने पर किसी तरह का तंज नहीं कसने तथा पूर्व की भांति भाईचारा के साथ रहने के लिए माहौल बनाने का निर्देश दिया गया. जिसमें बैठक में दोनों गांव के ग्रामीणों के अलावे आसानबनी 2 ग्राम पंचायत के मुखिया गयासुद्दीन अंसारी एवं तिलाबनी के मुखिया साहेबराम हेंब्रम भी उपस्थित थे.

**इन पर हुआ है मुकदमा :** गोविंदपुर थाना अंतर्गत तिलाबनी गांव में जेसीबी के द्वारा मोटरसाइकिल को धक्का मार देने के बाद दो समुदाय के बीच उत्पन्न विवाद के मामले को लेकर पूरन चंद्र दा ने जिन 9 नामजद अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज किया है.उसमें अख्तर अंसारी, फरीद अंसारी, कानतिया अंसारी, याकूब अंसारी, अनाउल अंसारी, रजाक अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी, रेजाक अंसारी एवं शहाबुद्दीन अंसारी समेत 250 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज की गई है.

# भौंरा के विस्थापितों ने कांटा घर का काम किया ठप

## क्लब या सामुदायिक भवन नहीं देने पर भड़के ग्रामीण

शुभम संदेश। चासनाला



भौंरा 4 नंबर के ग्रामीण विस्थापितों को बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा भौंरा भगत सिंह पार्क स्थित में बसाया गया था, उस वक्त बीसीसीएल के महाप्रबंधक द्वारा भौंरा 4 नंबर के विस्थापितों को आश्वासन दिया गया था कि आपलोगों को बीसीसीएल द्वारा यथा शीघ्र एक सामुदायिक भवन या तो क्लब की व्यवस्था करा दी जाएगी. लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा दिया गया आश्वासन का कई साल बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हुआ. भौंरा महाप्रबंधक ने यह वादा पूरा नहीं किया गया, इससे भौंरा 4 नंबर के विस्थापितों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए शुक्रवार के बीसीसीएल के कांटा घर को जाम कर दिया. महाप्रबंधक और क्वार्टर इंचार्ज रामचंद्र पासवान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. इस दौरान भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा स्टेट प्रेसिडेंट करण पासवान ने भौंरा बीसीसीएल के अधिकारियों के वादा खिलाफी और क्वार्टर इंचार्ज रामचंद्र पासवान पैसा लेकर क्वार्टर देने का गंभीर आरोप लगाते हुए पद से हटाने की मांग की. कहा कि जब तक हम लोगों को सामुदायिक भवन या क्लब बीसीसीएल कंपनी नहीं सौंपती है, तब तक यह आंदोलन चलता रहेगा. इससे होने वाली क्षति का पूरा जिम्मेदारी बीसीसीएल प्रबंधन की होगी. आंदोलन में दर्जनों की संख्या में स्थानीय लोग शामिल थे.

### ब्रीफ खबरें

## डेकोरेटर्स एसोसिएशन ने किया पौधरोपण

**बोकारो।** चास प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बाधाडीह परिसर में शुक्रवार को बोकारो जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन ने पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया. इस दौरान संस्था के द्वारा आम, अमरूद, कटहल, जामुन सहित कई फलदार वृक्ष लगाए गए. संस्था के अध्यक्ष रंजीत कुमार महतो, सचिव पेंटर बाबू अंसारी तथा जिला के पदाधिकारी नेमचांद गोप, जितेंद्र पाल सिंह, सोनू गोस्वामी, बूटन महतो, धीरेन राजवार, डोमन महतो, राजेश महतो व अन्य टेंट व्यावसायी मौजूद थे. संस्था के अध्यक्ष रंजीत महतो ने कहा कि बोकारो जिला में 10 हजार वृक्ष लगाने का लक्ष्य संस्था ने तय किया है. उसी कड़ी में उत्क्रमित उच्च विद्यालय बाधाडीह में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोरंजन मोदक के अलावा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अहम भूमिका निभायी.

## देव शर्मा ने किया कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**बोकारो।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के चास प्रखंड के ब्राह्मण द्वारिका पंचायत के दौरे में आने के क्रम में तलगड़िया मोड़ पर युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा एवं उनके सैकड़ो समर्थकों ने ढोल नगाड़े, पटाखे, फूल माला आदि से उनका भव्य स्वागत किया. देव ने प्रदेश अध्यक्ष से चास चंदनक्यारी के बेरोज़गारी समेत कई ज्वलंत मुद्दों पर उनका ध्यान आकृष्ट कराया. शर्मा ने कहा कि बोकारो ओद्योगिक नगरी होने के बाद भी यहाँ के युवा बेरोज़गारी से ग्रसित हैं और बाहर के लोग मलाई खा रहें हैं. स्टील प्लांट के बड़े अधिकारियों के निर्देश पर प्रेम महतो की निर्मम हत्या का भी जिक्र किया. प्रदेश अध्यक्ष ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और हर संभव प्रयास करने का वादा किया .

## ऑन स्पॉट होगा समस्या का समाधान : केशव

**बोकारो।** चास प्रखंड अंतर्गत ब्राह्मण द्वारिका गांव पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश महतो शुकवार को ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरु हुए. गांव की स्थिति की जांच की. ब्राह्मण द्वारिका के हरिजन टोला पहुंचे. दयनीय स्थिति में जी रहे कालिंदी परिवारों की समस्याओं से रूबरू होकर ज़िले के पदाधिकारी से इंदिरा आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना के तहत 6 महीना के अंदर इन्हें आवास मुहैया कराने की बात कही.जांच के क्रम में पाया कि अनुसूचित जनजाति के 40 ऐसे घर हैं जो टूटे-फूटे और जर्जर थे. वे लोगों से बात करते हुए उनकी समस्या को सुनने का काम किया. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोगों की समस्याओं का ऑन दी स्पॉट देखने के पीछे उनकी मंशा थी कि खुद जनता से उनकी पीड़ा को जानी जाए.

## पूर्व वार्ड सदस्य राजेंद्र राम सेठ का निधन

**बेंगाबाद।** बेंगाबाद निवासी एवं पूर्व वार्ड सदस्य 71 वर्षीय राजेंद्र राम सेठ का विगत रात्रि आकस्मिक निधन हो गया. उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई. परिजनों के अनुसार, देर रात उनकी अचानक तबियत बिगड़ गई. आनन-फानन में परिजन अस्पताल ले जाने की तैयारी में जुटे, लेकिन रास्ते में ही राजेंद्र राम सेठ ने अंतिम सांस ली. स्व. राजेंद्र राम सेठ अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं. उनके निधन से परिजनों को गहरा आघात पहुंचा है और पूरा परिवार शोकाकुल माहौल में डूबा हुआ है. निधन के बाद पार्थिव शरीर को सुल्तानगंज ले जाकर विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया.

### जनता दरबार में डीसी ने सुनी 50 से ज्यादा फरियादियों की समस्या

# संवेदनहीन हो रहा समाज, समझनी होगी संवेदना: डीसी



**शुभम संदेश।बोकारो**

समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित डीसी अजयनाथ झा के जनता दरबार में जोधाडीह मोड़ निवासी बुजुर्ग महिला गायत्री देवी ने अपने ही परिवार के सदस्यों द्वारा प्रताड़ना की पीड़ा साझा की. उन्होंने अपने मंझले बेटे मनोज साव द्वारा आए दिन मार-पीट करने की बात कहीं. वहीं, एक दूसरे मामले में चास निवासी महिला जो ससुराल स्थित अपने मकान में रह रही है, उसका पति व परिवार के अन्य सदस्य उसे एवं उसके दो बच्चों को छोड़ चले गए हैं. पति दूसरी शादी करने जा रहा है. वहीं, अब उसे घर खाली करने का पति एवं उसके परिवार के सदस्यों ने अल्टीमेटम दिया है. 4 दर्जन से ज्यादा लोगों की समस्याओं पर सुनवाई की. ज्यादातर मामले भूमि विवाद, पारिवारिक प्रताड़ना, पेंशन, जन वितरण प्रणाली, अतिक्रमण, झारखंड मुख्यमंत्री मइंया सम्मान योजना, बीएसएल, पेंशन संबंधित समस्याएं शामिल थी.

उपायुक्त ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत दुखद है कि मां को उसके ही बच्चे प्रताड़ित करें, या पति अपनी पत्नी व बच्चों को बेसहारा छोड़ दे. ऐसे मामलों से यह साफ है कि हमारा समाज धीरे-धीरे संवेदनहीन होता जा रहा है. यह चिंता का विषय है, समाज को संवेदनशीलता सीखनी होगी. उन्होंने स्पष्ट कहा कि बुजुर्गों का सम्मान, महिलाओं की सुरक्षा और वंचितों का संरक्षण केवल प्रशासन की नहीं, समाज की भी जिम्मेदारी है. जिस दिन हर व्यक्ति दूसरों के दुख को महसूस करने लगेगा, उस दिन ऐसे मामले घटेंगे. बुजुर्गों और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा प्रशासन की जिम्मेदारी है. इन मामलों में अपर नगर आयुक्त/थाना प्रभारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी आदि को आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. जनता दरबार में एक बुजुर्ग ने अपनी निजी भूमि पर स्थानीय असामाजिक तत्वों द्वारा कब्जा कर लेने की शिकायत की. उपायुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में 'जीरो टोलरेंस' की नीति अपनाई जाएगी. बुजुर्गों/सेवानिवृत कर्मचारियों की संपत्ति की रक्षा करना हमारी प्राथमिकता है. उन्होंने अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया कि वे तत्काल जांच कर अवैध कब्जाधारियों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करें और पीड़ितों को न्याय दिलाएं. डीसी ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर प्रशासन को जवाबदेह बनाना भी है. सभी मामलों को एक सप्ताह के अंदर संबंधित पदाधिकारियों को निष्पादित करने को कहा गया है. जनता दरबार के उपरांत कई सामाजिक संगठनों, संस्थाओं ने डीसी से शिष्टाचार मुलाकात कर शुभकामनाएं दीं.

### गोड्डा सदर अस्पताल में घोर लापरवाही उजागर

# डेढ़ साल के बच्चे को एक साथ लगा दिए चार टीके






**शुभम संदेश। गोड्डा**

सदर अस्पताल, गोड्डा में एक बार फिर टीकाकरण में लापरवाही का मामला सामने आया है. देवदांड थाना क्षेत्र के नूनबट्टा गांव की रहने वाली सुप्रिया लाहा अपने डेढ़ साल के बेटे के साथ टीकाकरण के लिए अस्पताल पहुंची थीं, जहां बच्चे को एक साथ चार टीकों की सुई लगा दी गई. पीड़िता ने बताया कि गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में पहले ही तीन डोज दिए जा चुके थे. निर्धारित तिथि पर चौथे डोज के लिए जब वह केंद्र गईं तो वहां बताया गया कि टीका उपलब्ध नहीं है और गोड्डा सदर अस्पताल जाकर लगवाना होगा.

**चार टीके एक साथ लगाने के बाद छिन लिया टीकाकरण कार्ड**

सदर अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी पर तैनात एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) ने टीकाकरण कार्ड देखकर एक डोज वाला भाग काट दिया और बिना किसी स्पष्ट जानकारी दिए बच्चे को एक साथ चार टीकों की सुई लगा दी. जब महिला ने इसका विरोध किया तो एएनएम ने उसका टीकाकरण कार्ड छीन लिया और कहा कि इससे बच्चे को कोई नुकसान नहीं होगा. इसके बाद महिला को कार्ड भी वापस नहीं किया गया.घटना के बाद जब अस्पताल में हंगामा हुआ तो संबंधित नर्स ने अपने कमरे को अंदर से बंद कर लिया. महिला ने इसकी लिखित शिकायत नगर थाना में की, जहाँ से उसे सिविल सर्जन कार्यालय में शिकायत करने के लिए भेजा गया. इस पूरे मामले पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी.

**पूर्व में पैसे वसूलने का वीडियो हो चुका है वायरल**

गौरतलब है कि सदर अस्पताल में टीकाकरण को लेकर इससे पहले भी कई बार अनियमितताओं और अवैध वसूली के आरोप लग चुके हैं. पूर्व में रैबीज का टीका देने के एवज में पैसे वसूलने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद आरोपी चतुर्थवर्गीय कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया था. बावजूद इसके, अस्पताल परिसर में अवैध वसूली की शिकायतें लगातार मिल रही हैं.

## मुखिया पति पर 20 हजार वसूलने का आरोप

**जमुआ, गिरिडीह।** चकमंजो पंचायत में भाकपा माले द्वारा आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचे. लोगों का गुस्सा मुखिया पति, पंचायत सचिव और बिचौलियों पर फूटा. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना में गरीबों के नाम काटकर अमीरों को लाभ दे दिया गया. जनसुनवाई में कई लोगों ने बताया कि मुखिया पति ने आवास योजना में नाम जोड़ने के नाम पर 10 हजार से 20 हजार रुपये तक वसूले.कार्यक्रम में पंचायत सचिव और मुखिया को बुलाया गया.दोनों ने अपनी गलती मानी. जनसुनवाई में माले जिला सचिव अशोक पासवान, मीणा दास, प्रखंड सचिव मनोवर हसन, बंटी विजय पांडेय, विशेश्वर यादव, किरण सिंह, मो. अरशद, सगीर अंसारी, अलम खान, नकुल दास समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे. लोगों ने चेतावनी दी कि मुखिया पति एक सप्ताह के भीतर गरीबों से लिया गया पैसा लौटाए. ऐसा नहीं हुआ तो उसका आवास घेरा जाएगा. पंचायत सचिव को भी कहा गया कि ग्रामीणों की शिकायतों का एक सप्ताह में निपटारा करें. अन्यथा कार्रवाई के लिए जिला उपायुक्त को अवगत कराया जाएगा.

# वाहन जांच अभियान में वसूले गए 4.50 लाख रुपए जुर्माना



**खास बात**

- चास थाना क्षेत्र अंतर्गत पिंड्राजोरा के चेकपोस्ट पर का मामला, कुल 97 वाहनों का किया जांच

**शुभम संदेश।बोकारो**

राष्ट्रीय राज्यमार्ग 32 एवं राष्ट्रीय राज्यमार्ग 320 पर पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चेकपोस्ट एवं चास तथा बालीडीह थाना क्षेत्र पर डीसी अजय नाथ झा के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर द्वारा जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 19 वाहन से 4.50 लाख रुपए जुर्माना वसूला गया. डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 97 वाहनों की जांच की गई, जिसमें रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल होने को लेकर 19 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया. डीटीओ वंदना सेजवलकर ने चास नगर निगम अंतर्गत जोधाडीह मोड़, आईटीआई मोड़, चास चेक पोस्ट सहित अन्य जगहों पर दो पहिया वाहनों सहित चार पहिया वाहनों की जांच की गई, जिसमें हेलमेट, रजिस्ट्रेशन, पॉल्यूशन, लाइसेंस, सीट बेल्ट, रिफ्लेक्टिव टेप सहित अन्य की जांच की. इस दौरान कुल 30 वाहनों को फाइन किया गया, जिसका रशीद ऑनलाइन दिया गया. जांच के दौरान एमभीआई कमल किशोर सिंह सहित अन्य उपस्थित थे.

# घर के ऊपर 11 हजार वोल्ट का हाईटेंशन तार गिरा, दुर्घटना टली

**शुभम संदेश।बेंगाबाद**

प्रखंड क्षेत्र के मानजोरी गांव में शुक्रवार की दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक घर के ऊपर से गुजरा 11 हजार वोल्ट का हाईटेंशन तार अचानक नीचे गिर गया. गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ, वरना बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता था.

यह मामला मानजोरी गांव निवासी भगवान साह के घर का है. बताया जाता है कि वर्षों पुराना यह हाईटेंशन तार उनके घर की छत से सटा हुआ है. घर के ठीक सामने विद्युत विभाग ने 11 हजार वोल्ट का पोल गाड़ रखा है, जिसके सहारे यह तार गांव के ट्रांसफॉर्मर तक जोड़ा गया है.

**कई बार दिए आवेदन, विभाग बेखबर**

गृहस्वामी भगवान साह ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से इस गंभीर समस्या को लेकर विभागीय अधिकारियों और कार्यपालक अभियंता से लिखित और मौखिक शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई. उन्होंने कहा कि कई बार हेल्पलाइन और रांची मुख्यालय में भी शिकायत दर्ज कराई गई, मगर मामला जस का तस बना हुआ है.

**पुराना और जर्जर हो चुका है तार**

स्थानीय लोगों ने बताया कि करीब 40 वर्ष पूर्व बिछाए गए इन हाईटेंशन तारों की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है. करंट प्रवाहित तार काफी नीचे झुक गए हैं और कभी भी जानलेवा



हादसे का कारण बन सकते हैं. इससे पहले भी कई बार तार टूटकर गिरने की घटनाएं घट चुकी हैं.

**ग्रामीणों में दहशत, कार्रवाई की मांग**

मानजोरी के ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते पूरा गांव खतरे के साए में जी रहा है. घनी आबादी के बीच इस तरह हाईटेंशन लाइन का गुजरना नियमों का भी उल्लंघन है.

विभागीय प्रावधान के अनुसार 11 हजार वोल्ट की लाइन आबादी से दूर होनी चाहिए. ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि उक्त हाईटेंशन तार को तुरंत वहां से हटाकर किसी अन्य रूट से जोड़ा जाए या फिर सुरक्षा मानकों के अनुरूप गार्ड या कवर वाला तार लगाया जाए.

**बाकी गांवों की भी यही स्थिति**

मानजोरी के अलावा प्रखंड के अन्य गांव और टोलों में भी ऐसी ही स्थिति बनी हुई है. कई जगह हाईटेंशन तार आबादी के ऊपर से होकर गुजर रहे हैं. ग्रामीणों ने इस समस्या पर जिला प्रशासन से भी हस्तक्षेप करने की मांग की है.

### न्यूज अपडेट

## राशन डीलर के खिलाफ बीडीओ से शिकायत

**दुमका ।** जिला के शिकारीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत आम चुआ गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मोहम्मद एजाज आलम को आवेदन देकर अपने वर्तमान डीलर पर खाद्यान्न वितरण में मनमानी करने और समय पर खाद्यान्न ना देने का आरोप लगाया. अपने गांव के निकटवर्ती अन्य जन वितरण प्रणाली के दुकानदार के साथ अपने राशन कार्ड को जोड़ने की भी मांग रखी. कहा कि समय पर राशन मिल सके. प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मोहम्मद एजाज आलम ने कहा कि उनके द्वारा दिए गए आवेदन की जांच की जाएगी, दोषी पाए जाने पर जन वितरण प्रणाली के दुकानदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी. दूसरे दुकानदार के यहां अपना राशन कार्ड राशन जुड़वाने के लिए पहले आप लोग ऑनलाइन आवेदन करें, उसके पश्चात ही आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## कसमार प्लस टू हाई स्कूल में स्पोर्ट्स किट का वितरण

**कसमार (बोकारो)।** पीएमश्री राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय कसमार में शुक्रवार को प्रमंडल स्तरीय इंटरनेशनल सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टुर्नामेंट टीम के प्रतिभागियों के बीच स्पोर्ट्स किट का वितरण किया गया. पीएमश्री प्लस टू उच्च विद्यालय कसमार की अंडर 15 की फुटबॉल टीम जिलास्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता की विजेता टीम है. यह टीम सोमवार सात जुलाई से रामगढ़ में आयोजित प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए बोकारो जिला का प्रतिनिधित्व करेगी. इस दौरान प्रतिभागियों के बीच स्पोर्ट्स शूज, साक्स, शिन गार्ड, स्पोर्ट्स जर्सी आदि सामग्रियों का वितरण विद्यालय के खेल विभाग के तरफ से किया गया. साथ ही खिलाड़ियों का मुंह मीठा कराकर प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामना दी गई. मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक फारुक अंसारी, वरीय शिक्षक डॉ रणजीत कुमार झा, डॉ अवनीश कुमार झा, महाकांत झा, रितेश कुमार महथा, सन्नी शरण समेत विद्यालय की अंडर 15 विजेता टीम के खिलाड़ी कृष्णा गोस्वामी (कप्तान), संजय कुमार कपरदार, परमेश्वर घांसी, अमित कुमार महतो, अनीश ठाकुर, सिकन्दर सोरेन, गौरी नाथ हेम्ब्रम, रोहित हेम्ब्रम, राम कुमार महतो, जसीम अंसारी, राकेश कुमार महतो, विष्णु कुमार, करन कुमार, सुभाष हेम्ब्रम, हराधन रजक व अन्य खिलाड़ी मौजूद थे.

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जल्द स्वास्थ्य लाभ के लिए गुरुद्वारा में माथा टेका

**बोकारो।** शिबू सोरेन की दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है. दिशोम गुरु के जल्द स्वास्थ्य लाभ के लिए शुक्रवार को चास स्थित गुरुद्वारा में झामुमो बोकारो महानगर, चास महानगर और चास प्रखंड से लोगों ने पहुंच कर माथा टेका. गुरुजी के जल्द स्वास्थ होकर घर वापस के लिए अरदास की. महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने कहा कि गुरु जी सिर्फ हमारे पार्टी के नेता ही नहीं झारखंड के मसीहा भी है. वो जल्द से जल्द स्वस्थ होकर झारखंड लौटे और झारखंड में जो अधूरा काम है उसे पूरा करें. प्रार्थना सभा में संजय केजरीवाल, आलोक सिंह, सदानंद गोप, बोकारो महानगर प्रवक्ता राकेश सिन्हा, प्रमोद कुमार तापड़िया, राम दयाल सिंह, भागीरथ शर्मा, सुखविंदर सिंह, दिलीप ठाकुर, सानिया बेगम, दिनेश यादव, सुनील सिंह, मस्तान अंसारी, सुरेंद्र कुमार, पिंटू पासवान, फिरोज अंसारी, दीपु सिंह, छोटू, कुंदन यादव, सोनू, रविशंकर सिंह, कलीम अंसारी, दुर्गा दत्ता, मगाराम दे, रंजीत कपूर आदि उपस्थित रहे.

## सेविकाओं ने लिया डेटा प्रबंधन प्रशिक्षण

**बोकारो।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को नावाडीह प्रखण्ड कार्यालय सभागार में सेक्टर 1, 2, 5 की सेविकाओं को समर/सीएमएएम (सामुदायिक आधारित प्रबंधन प्रणाली) कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण सत्र में सेविकाओं को बताया गया कि वे कुपोषित एवं गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की पहचान कैसे करें और सामाजिक एवं सामुदायिक सहयोग के माध्यम से उन्हें पोषण युक्त बनाने के लिए मुखिया, एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के साथ किस प्रकार समन्वय करें. सेविकाओं को कुपोषण के प्रकार, भूख की जांच की सही प्रक्रिया एवं कुपोषित बच्चों का समर एप पर डेटा इंट्री करने की विधि बताई गई. इसके अलावा, उन्हें यह भी बताया गया कि कुपोषित बच्चे का 16 सप्ताह का फॉलोअप आवश्यक है. जिसमें 8 सप्ताह आंगनबाड़ी केंद्र में तथा 08 सप्ताह गृह भ्रमण कर फॉलोअप किया जाएगा. सत्र के अंत में सेविकाओं को समर/सीएमएएम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शुभकामनाएं दी गई एवं उनके प्रयासों की सराहना की गई.

## विभाग लापरवाह तो चापाकल में लगाया बांस का हेंडल

**बेंगाबाद।** बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मधवाडीह अंतर्गत ग्राम बरियारपुर में बीते दिनों चोरों ने नेपाल पंडित के घर के बगल स्थित चापाकल का उपरी हिस्सा चोरी कर लिया. घटना के बाद पूरे मोहल्ले में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई. ग्रामीणों ने इसकी सूचना पीएचईडी विभाग को दी थी, जिसके बाद विभाग द्वारा जल्द ही मरम्मत का आश्वासन दिया गया. लेकिन कई दिनों के इंतजार के बावजूद विभाग की ओर से कोई पहल नहीं की गई. इससे हताश गांव वालों ने अपनी सूझबूझ और परंपरागत तकनीक का इस्तेमाल करते हुए बांस का हैंडल बनाकर चापाकल में लगाया. इस देसी जुगाड़ के माध्यम से अब पानी निकालने में सफलता मिली है, जिससे लोगों की पीने के पानी की समस्या आंशिक रूप से दूर हुई है. वहीं मुहर्रम की त्यौहार में गांव वालों ने इसी चापाकल से पानी लेकर कर्बला में खाना बना कर सभी ने खाया. ग्रामीणों ने विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जब तक चापाकल की मरम्मत नहीं होती, वे इसी देसी जुगाड़ से पानी निकालने को मजबूर रहेंगे. ग्रामीण हरिकिशुन पंडित, सुरेश साव, रीना देवी और ललिता देवी ने बताया कि विभाग केवल आश्वासन दे रहा है, काम कब होगा इसकी कोई जानकारी नहीं है.ग्रामीणों ने जल्द से जल्द चापाकल की मरम्मत कराने की मांग प्रशासन से की है.

## कोयला क्षेत्र पुलिस ड्यूटी मीट सम्पन्न

**बोकारो।** बोकारो मुख्यालय में आयोजित तीन दिवसीय कोयला क्षेत्र पुलिस ड्यूटी मीट शुक्रवार को न्याय सदन में संपन्न हुई. 2 जुलाई से प्रारंभ इस मीट में बोकारो और धनबाद जिला बलों ने भाग लिया. ओवरऑल चैंपियन बोकारो और रनर-अप धनबाद जिला बल घोषित हुए. समापन समारोह में मुख्य अतिथि आईजी क्रांति कुमार गाडिदेशी, बोकारो एसपी हरविंदर सिंह, धनबाद ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी व धनबाद सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे. प्रतिभागियों को शॉल, प्रमाणपत्र और मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया. आईजी ने कहा कि आपराधिक जांच में वैज्ञानिक तरीके, फोरेंसिक तकनीक, डेटा प्रबंधन व आधुनिक सॉफ्टवेयर का दक्ष उपयोग अब समय की आवश्यकता है. उन्होंने कम सहभागिता पर चिंता जताई और भविष्य में अधिक कर्मियों की भागीदारी की आवश्यकता बताई. बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने कहा कि मीट का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को आधुनिक तकनीक व साक्ष्य प्रबंधन में दक्ष बनाना है. कानूनी विज्ञान, अपराध स्थल जांच, पुलिस फोटोग्राफी व कंप्यूटर साक्षरता जैसे क्षेत्रों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं. कार्यक्रम का सफल संचालन सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार व उनकी टीम द्वारा किया गया.

# अफवाह, भड़काउ पोस्ट पर होगी सख्त कार्रवाई

### मुहर्रम को लेकर प्रशासन सतर्क, चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

**खास बात**

- पुलिस व दंडाधिकारी की नियुक्ति, संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च



**शुभम संदेश।बोकारो**

डीसी अजय नाथ झा के निर्देशानुसार शुक्रवार शाम को जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारियों द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया, ताकि मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराया जा सके. प्रशासन द्वारा प्रत्येक अंचल/थाना क्षेत्र में स्थिति का आकलन कर सतर्कता बढ़ा दी गई है. जिले भर में महत्वपूर्ण चौक - चौराहों पर कुल 357 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है. इसके अलावा रिजर्व फोर्स के रूप में चास अनुमंडल में 31 और बेरमो अनुमंडल में 53 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को रखा गया है, जो आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई हेतु अलर्ट मोड में रहेंगे. उपायुक्त ने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी. किसी भी प्रकार की गलत जानकारी, भड़काऊ पोस्ट अथवा अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने जिलावासियों से मुहर्रम आपसी भाईचारे, परस्पर सम्मान एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की. किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना अविलंब जिला नियंत्रण कक्ष (दूरभाष संख्याः 06542 -223705/223475/100 एवं 112),अपने थाना प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी एवं किसी भी सरकारी कर्मचारी को देने कहा.

प्रशासन संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई करेगा. जिला नियंत्रण कक्ष को 24x7 सक्रिय रखा गया है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके. इसके लिए कुल 59 दंडाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया है. प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था की है.

### डीपीएस बोकारो की प्राइमरी इकाई में अलंकरण समारोह आयोजित

# बच्चों में नेतृत्व-क्षमता का विकास शुरू से ही आवश्यक : डॉ. गंगवार

**शुभम संदेश।बोकारो**

डीपीएस बोकारो की प्राइमरी इकाई में सत्र 2025-26 के लिए शुक्रवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में अलंकरण समारोह (इन्वेस्टिचर सेरेमनी) आयोजित किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे छात्र-छात्राओं में नेतृत्व कौशल के विकास को लेकर उनके कंधों पर नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं. इस वर्ष के नवगठित छात्र परिषद में कक्षा 5 की छात्रा शान्वी सोमानी को हेड गर्ल और इसी कक्षा के छात्र रेयांश सिंह को हेड बॉय चुना गया. वहीं, कक्षा 4 की अंशिका आनंद वाइस हेड गर्ल और अंश्रिथ नंदन वाइस हेड बॉय बने. पांचवी कक्षा की सृष्टि वर्मा सांस्कृतिक सचिव, आयुष कुमार साहित्यिक सचिव और अक्षत राज खेल सचिव के रूप में घोषित



किए गए. इसके अलावा, सभी सदनों के लिए कैप्टन, वाइस कैप्टन और प्रिफेक्ट का भी चयन किया गया. मार्चपास्ट कर पहुंचे परिषद के सदस्यों को प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने सैश और बैज प्रदान कर उन्हें विद्यालय की तरफ से जिम्मेदारी सौंपी. इन सभी विद्यार्थियों ने विद्यालय के आदर्श वाक्य - स्वयं से पहले सेवा - तथा मूल्यों को बनाए रखने, नियमों के अनुपालन और ईमानदारी व प्रतिबद्धता के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाने की शपथ ली. छात्र परिषद के सदस्य सभी क्षेत्रों में विद्यालय की देखभाल करेंगे.इसके पूर्व, स्वागत गीत, विद्यालय गीत एवं मनमोहक डांडिया नृत्य-प्रस्तुति से बच्चों ने सबकी भरपूर सराहना पाई. प्राचार्य डॉ. गंगवार ने परिषद सदस्यों को बधाई देते हुए अपने कुशल कार्यों से उदाहरण प्रस्तुत करने, अपनी शक्ति का सही दिशा में उपयोग करने और टीम भावना से काम करने के लिए प्रोत्साहित किया.

## ब्रीफ खबरें

### एसएसएलएनटी प्लस 2 विद्यालय में पौधरोपण

**धनबाद।** एसएसएलएनटी मुख्यमंत्री प्लस 2 विद्यालय में स्वस्थ जीवन शैली और पर्यावरण विषय पर प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसके उपरांत विद्यालय प्रांगण में पांच फलदार वृक्ष लगाए गए, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य के साथ-साथ शिक्षकों ने भी सहयोग किया. प्रबोधन कार्यक्रम में झारखंड के प्रांत सह-सचिव जय प्रकाश नारायण सिंह, झारखंड पर्यावरण प्रमुख अरुण राय, जिला अध्यक्ष डॉ. विकास रमण, विद्यालय के प्राचार्य महोदय, कक्षा 11-12 के 87 छात्र-छात्राएँ, 8 शिक्षक और आरोग्य भारती जिला संगठन के 13 सदस्य उपस्थित थे. महिला आयाम की ओर से शोभा गुप्ता और रीना साव भी उपस्थित रही.

### स्वास्थ्य क्षेत्र की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने शुक्रवार को जिला परिषद, धनबाद द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यान्वित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की. इस क्रम में उन्होंने हेल्थ सब सेंटर, प्राइमरी हेल्थ सेंटर, बीपीएचयू के साथ तोपचांची, गोविंदपुर, कलियासोल, बाघमारा, धनबाद, बलियापुर, निरसा एवं टुंडी में बनने वाले हेल्थ सब सेंटरों के प्रगति की समीक्षा की. उपायुक्त ने निर्माण की गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं करने का निर्देश दिया. साथ-साथ संबंधित प्रखंड के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक को संबोधित अंचल के अंचल अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर हेल्थ सब सेंटर के लिए श्रेष्ठ स्थान चयन करने का निर्देश दिया. जहां काम पूरा हो गया है वहां बिजली, पानी, सोक पीट, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, खिड़की, दरवाजे सहित अन्य वस्तुओं की चेक लिस्ट के अनुसार जांच करने के पश्चात ही हैंडोवर लेने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने सदर अस्पताल के पास पंचकर्म ट्रेनिंग सेंटर में एक कमरे का चयन कर वहां नया उच्च गुणवत्ते का अल्ट्रासाउंड मशीन भी लगाने का निर्देश दिया.

# जीतपुर कोलियरी खदान के मामले में डीसी से गुहार

**शुभम संदेश।झरिया**

सेल कंपनी की जीतपुर कोलियरी को जल रिसाव से संभावित खतरा बताकर प्रबंधन द्वारा 1 जुलाई से खदान को बंद किए जाने का मामला तूल पकड़ते जा रहा है. मामले को लेकर संयुक्त मोर्चा के समर्थकों ने एक ओर जहां शुक्रवार को कोलियरी परिसर में विरोध प्रदर्शन कर खदान चालू कराने की प्रबंधन से मांग की तो वहीं ठेका कर्मियों एवं स्थानीय समस्याओं के मुद्दे पर शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के महामंत्री अवधेश यादव के नेतृत्व में रणजीत यादव, रीना पासवान एवं उदय शर्मा ने उपायुक्त से मिलकर तीन सूत्री मांगपत्र सौंपा. उपायुक्त से जनहित तथा मजदूर हित में तत्काल हस्तक्षेप कर समस्याओं के अविलंब समाधान करने की मांग की है. मांगपत्र में यादव ने सेल के वर्तमान जीएम मनीष कुमार पर साजिश के तहत ठेकेदार को लाभ पहुंचाने को तथा 856 करोड़ की पेनाल्टी का घोटाला करने को गलत मसौदा तैयार कर खदान को बंद करने का आरोप लगाते हुए खदान बंदी से जुड़ी सभी मुद्दे की जांच कराने की बात रखी. उन्होंने उपायुक्त से कहा कि खदान बंद होने से जीतपुर के लगभग बीस हजार लोग पानी बिजली की समस्या से प्रभावित होंगे तथा 6 सौ असंगठित मजदूर बेरोजगार हो जाएंगे. नेताओं ने कहा कि जबतक मजदूरों तथा स्थानीय लोगों को न्याय नहीं मिलता है तब तक उनके संगठन का आंदोलन जारी रहेगा.

### उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना. लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया. जनता दरबार में तालाब मरम्मती कराने, बीमा एजेंट द्वारा गलत जानकारी देने, अबुवा आवास, प्रधनमंत्री आवास निर्माण कराने, मुआवजा राशि, दुर्घटना बीमा देने, आर्म्स लाइसेंस, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, कार्य करने के बाद भुगतान नहीं करने के संबंध में, मिनी थिएटर के लाइसेंस निर्गत करने,



पारिवारिक लाभ दिलाने, जाति, आवासीय, एवं आय प्रमाण बनाने, बंद खाता को चालू करने, आंगनवाड़ी सहायिका पद पर चयन करने, पोषण सखी के मानदेय भुगतान करने समेत कई विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए. उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है. जिला प्रशासन नियमानुसार आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा.

### स्टेशन से अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**धनबाद।** वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक द्वारा गठित विशेष टास्क फोर्स, जिसमें उपनिरीक्षक कुन्दन कुमार, सहायक उपनिरीक्षक जीवलाल राम और अन्य कर्मियों ने 03-04 जुलाई 2025 की रात्रि में धनबाद स्टेशन पर आपराधिक गतिविधियों की निगरानी और गश्त के दौरान कालका छोर के फुट ओवर ब्रिज पर रात्रि 00:15 बजे एक व्यक्ति को 24 बोतल रॉयल स्टैग प्रीमियर व्हिस्की, कुल 9 लीटर, के साथ गिरफ्तार किया. पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह अधिक लाभ कमाने के लिए धनबाद से अंग्रेजी शराब खरीदकर गया, बिहार में ऊंचे दामों पर बेचता था. गिरफ्तार अभियुक्त और जब्त शराब को उत्पाद विभाग को सौंपने की प्रक्रिया की जा रही है. जब्त शराब में 24 बोतलें, प्रत्येक 375 मिलीलीटर, मूल्य 370 रुपये प्रति बोतल, कुल मूल्य 8,880 रुपये, थी. गिरफ्तार व्यक्ति शेखर कुमार सहनी, उम्र 25 वर्ष, पिता श्रीचंद्र सहनी, निवासी मियां बस्ती, शिव मंदिर के पास, थाना कोतवाली, जिला गया, बिहार, है.

## कोर्ट की खबरें

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष कैद

**धनबाद।** शादी की नियत से नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में धनबाद पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी निहार विहार दिल्ली निवासी अजय कुमार को 20 वर्ष की कैद एवं जुर्माना से दंडित किया. प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर धनबाद थाने में दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 5 जून, 2024 की रात पीड़िता घर से लापता हो गई थी. काफी खोजबीन करने पर भी उसका पता नहीं चला था.अनुसंधान में पुलिस ने यह दावा किया कि आरोपी पीड़िता को लेकर कामाख्या भाग गया था. वहां उससे शादी की फिर उसे लेकर दिल्ली चला गया था. दिल्ली में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था और फिर धनबाद कोर्ट में लाकर पेश किया था. अनुसंधान के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था. 1 अगस्त 24 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी. सुनवाई के दौरान अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश ने 7 गवाहों का परीक्षण कराया था.

### सांसद ढुल्लू महतो के मामले में सुनवाई

**धनबाद।** डोमन महतो पर जानलेवा हमला करने के मुकदमे की सुनवाई शुक्रवार को अदालत में हुई. इस दौरान सांसद ढुल्लू हाजिर नहीं थे. धनबाद के एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश डी सी अवस्थी की अदालत मे सांसद ढुल्लू की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ललन ओझा ने दलील पेश की. अदालत ने बचाव पक्ष को बहस करने का आदेश दिया है. डोमन महतो की शिकायत पर 29 अप्रैल 19 को प्राथमिकी ढुल्लू महतो, अजय गोराई, बूढ़ा राय, कृष्णा रविदास उर्फ विनय रविदास एवं बिट्टू सिंह के विरुद्ध गाली गलौज व जानलेवा हमला का आरोप लगाते हुए दर्ज की गई थी.

**नीरज सिंह हत्याकांड**

### फिर से सफाई बयान दर्ज करने की प्रार्थना

धनबाद : पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के मामले की सुनवाई शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में हुई. इस दौरान आरोपी धनजी सिंह, संजय सिंह व डब्लू मिश्रा ने आवेदन देकर फिर से सफाई बयान दर्ज करने की प्रार्थना की. कोर्ट को दिए आवेदन में कहा गया है कि उनके पूर्व के सफाई बयान दर्ज किए जाने के बाद फिर से तीन गवाहों की गवाही इस मामले में हुई है. इसीलिए उनका सफाई बयान दर्ज किया जाना आवश्यक है. जिसका अभियोजन ने विरोध किया और प्रति उत्तर दायर करने की बात कही. अदालत ने सुनवाई के लिए शनिवार की तारीख निर्धारित कर दी है.

## 75 बेटिकट यात्रियों से वसूले 26 हजार रुपए



**शुभम संदेश।धनबाद**

धनबाद मंडल में शुक्रवार को विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया. धनबाद रेलवे मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में धनबाद स्टेशन के साथ-साथ धनबाद-गोमो रेलखंड में टिकट चेकिंग अभियान चला. इस क्रम में 75 यात्रियों को पकड़ा गया, जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे. इनसे 26,152 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई. जांच अभियान के दौरान स्टेशनों के अनारक्षित टिकट काउंटर पर यात्रियों की काफी भीड़ देखी गई.

## 15वें वित्त आयोग की राशि के आवंटन पर जल्द निर्णय लेगी सरकार : दीपिका

**खास बातें**

- जिप अध्यक्ष ने की मंत्री से मुलाकात
- राशि नही मिलने से बाधित है गांव का विकास

**शुभम संदेश।धनबाद**

जिला परिषद की चेयरमैन शारदा सिंह के नेतृत्व में पंचायती राज मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह से रांची के धुर्वा स्थित उनके आवास पर मुलाकात हुई. इस दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 के बकाया राशि के आवंटन के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई. मंत्री ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए 15 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया. बैठक में धनबाद जिले के सभी त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि शामिल थे. प्रतिनिधियों ने प्रखंड और जिला मुख्यालय में



मनमाने ढंग से हो रहे कार्यों पर अंकुश लगाने का अनुरोध किया. मंत्री ने इस पर संज्ञान लेते हुए सभी जिला उपायुक्तों को कड़े निर्देश दिए कि त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों की अवहेलना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी. इस बैठक में प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्य उपस्थित थे.

## मोहर्रम को लेकर प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



**शुभम संदेश।धनबाद**

मुहर्रम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है. धनबाद के वरीय पुलिस अधिकारियों ने टाइगर जवानों को विशेष दिशा-निर्देश दिया है. शुक्रवार को कई थाना प्रभारी मोटरसाइकिल पर सवार होकर सड़कों पर निकले. फ्लैग मार्च रणधीर वर्मा चौक, हीरापुर, पुलिस लाइन, आईआईएम, सरायढेला, स्टील गेट होते शहरभर का भ्रमण किया. इस दौरान लोगों से त्योहार को शांतिपर्ण तरीके से मनाने की अपील की.

# आसनसोल

## पीडब्ल्यूडी ने सड़क चौड़ीकरण के लिए 65 लोगों को दिया नोटिस

**शुभम संदेश।नितुरिया**

पुरुलिया बराकर राज्य सड़क को पीडब्ल्यूडी द्वारा दोनों तरफ 75 फुट करके चौड़ा करने के लिये चिंहित जमीन को खाली करने के लिए पारबेलिया में गुरुवार को नोटिस दे दी गई. इससे लोगों में हड़कंप मच गया है. जानकारी के अनुसार ब्लॉक के पारबेलिया बाजार अंतर्गत भी पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने इतने परिमाण में अपनी जमीन को रेखांकित कर दिया है. मौके पर यहां पीडब्लूडी अधिकारी, नितुरिया ब्लॉक अधिकारी सहित सरकारी अमीन खाली करने के लिए गुरुवार को 65 व्यक्तियों को नोटिस दिया गया. पुरुलिया बराकर राज्य सड़क के दोनों ओर 75-75 फुट पीडब्ल्यूडी की जमीन बताई जाती है. इन पर स्थानीय निवासियों द्वारा घर,



दुकानें आदि बना ली गई हैं. पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने उन सभी को चिंहित कर तोड़ने के आदेश दे दिया है. सरबड़ी मोड़ पर लोगों ने चिन्हित किये गए पीडब्लूडी की जगहों पर स्थित अपने निर्माण को हटाना शुरू भी कर दिया गया है. लगभग कुछ समय पहले इसका निरीक्षण करने आये पीडब्लूडी के लोगों ने निरीक्षण कर बाकी कुछ लोगों द्वारा नहीं खाली किये गए जमीनों को देखा और और 15 दिनों की मोहलत दिया. कहा कि अगर समयावधि में इन्हें कार्यरत नहीं किया गया तो बुलडोजर कार्रवाई की जाएगी. फिर खाली करने का समय भी नहीं दिया जाएगा. लोगों के समान नष्ट हो जाएंगे, उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है. इससे लोगों में भय व्याप्त हो गया है. व्यवसाइयों की स्थिति साँप छुछुंदर सी बन गई है, अब जाए तो कहां जाए, क्या करें की स्थिति बनी हुई है. जानकारों का कहना है कि नितुरिया अंचल अंतर्गत स्थित कल कारखानों का विकास होने, उनकी यूनिटों को बढ़ाये जाने की संभावनाएं बनी हुई हैं. इससे भविष्य में उनकी गाड़ियों का आवागमन और बढ़ेगा. फिलहाल वैसे भी वाहनों की बढ़ती भीड़, रफ्तार को देखते हुए सड़क तंग पड़ रही है.

## दामागोड़िया कोलियरी के सात अवैध कोयला मुहानों की भराई



**शुभम संदेश।कुल्टी**

बीसीसीएल के सीवी एरिया 12 के दामागोड़िया कोलियरी अंतर्गत बोडरा कब्रिस्तान के आसपास प्रबंधन ने एक बार फिर से अवैध कोयला खनन के प्रयास को विफल किया. तस्कारों द्वारा बनाए गए मुहाने पर कार्रवाई की. प्रबंधन ने कुल सात मुहाने पर बुलडोजर चलाकर बंद किया. शुक्रवार को बीसीसीएल अधिकारियों और सीआईएसएफ, कुल्टी थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से इन अवैध मुहानों को भराई करायी. मालूम हो कि एक सप्ताह पहले भी बीसीसीएल प्रबंधन ओर स्थानीय पुलिस, केंद्रीय सुरक्षा बलों ने कई अवैध कोयला के मुहानों की डोजरिंग करायी थी. इस संदर्भ में परियोजना अधिकारी धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि दमागाड़ियां कोयला खदान के आसपास अवैध खनन करने का प्रयास किया जा रहा था, जिसकी सूचना मिलने के बाद इन्हें भर दिया गया है. इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए एक समिति बनाई गई है, जिसकी मॉनिटरिंग द्वारा ये पता लगाया जाता है कि कहा अवैध उत्खनन करने का कार्य किया जा रहा है. पिछले साल नवंबर से अब तक करीब 32 अवैध कोयला खनन मुहाने को भरा जा चुका है. साथ ही छापेमारी में काफी मात्रा में अवैध कोयला भी जब्त किया गया है. यह छापेमारी आगे भी जारी रहेगी.

**न्यूज अपडेट**

## राज्य स्तरीय कैरम प्रतियोगिता में पुरुलिया जिला ने मारी बाजी



**शुभम संदेश।पुरुलिया**

राज्य स्तरीय कैरम प्रतियोगिता में पुरुलिया जिले ने बाजी मार ली. पुरुलिया जिले के आद्रा रेलशहर में आयोजित राज्य स्तरीय कैरम प्रतियोगिता में अंडर-18 (अठारह) वर्ग में पुरुलिया जिले के प्रतिभागी क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे. इसके अलावा भी पुरुलिया ने वेटरन कैटेगरी में भी पहला और तीसरा स्थान प्राप्त किया. इसके अलावा पुरुष ओपन में भी पुरुलिया के प्रतिभागियों ने पांचवां स्थान प्राप्त किया. पुरुलिया जिला कैरम एसोसिएशन की ओर से आद्रा गणेश पांडाल में इन सभी स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए स्वागत समारोह और जलपान का आयोजन किया गया. इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में अंडर 18 (अठारह) वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अंकित यादव, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले आदित्य कुमार यादव तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रभात पाल को सम्मानित किया गया. इसके अलावा वेटरन्स वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जॉयदीप रॉय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले असित मुखी को भी सम्मानित किया गया. पुरुष ओपन में पांचवें स्थान पर आने वाले मोहम्मद शाहरुख को सम्मानित किया गया. कैरम संघ के जिलाध्यक्ष डी मनोज कुमार, सचिव वी.रूपेश राव और कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार डे प्रतियोगियों को राष्ट्रीय श्रेणी में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी.

### तृणमूल कांग्रेस ने की शहीद दिवस की तैयारी बैठक

**सालानपुर।** शुक्रवार को श्रमिक मंच में सालानपुर ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस की तैयारी बैठक हुई. बैठक में सालानपुर ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष मोहम्मद अरमान, उपाध्यक्ष भोला सिंह, सालानपुर पंचायत समिति के अध्यक्ष कैलाशपति मंडल, उपाध्यक्ष विद्युत मिश्रा, ब्लॉक महिला अध्यक्ष अपर्णा रॉय, श्रमिक संगठन के अध्यक्ष मनोज तिवारी, युवा अध्यक्ष सचिन नाग, ब्लॉक के सभी वर्गों के नेता और सभी पंचायत प्रधान, उप प्रधान, सदस्य शामिल हुए. अध्यक्ष मो.अरमान ने कहा कि 21 जुलाई को शहीद दिवस के लिए अधिकार अभियान का आह्वान किया था. उस अभियान में हमारे 13 कार्यकर्ता शहीद हो गए थे. तब से शहीदों की याद में दिन धर्मतला चलो के नाम से मनाया जाता है. लेकिन इस बार 21 जुलाई थोड़ा अलग है क्योंकि 2026 के विधानसभा चुनाव सामने हैं. 21 जुलाई को सफल बनाने के लिए ब्लॉक के सभी नेताओं के साथ तैयारी बैठक की गई.

**प्रबंधन, राज्य और केन्द्र सरकार की सख्ती के बाद भी नहीं रुक रहा अवैध कोयला खनन**

## जारी है अवैध खनन में मौतों का सिलसिला

**शुभम संदेश।रानीगंज**

पश्चिम बर्धमान जिले के ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के कनूस्तूरिया एरिया के नॉर्थ सियारसोल कोलियरी में इलाकों में अवैध कोयला खनन की वजह से एक बार फिर जानलेवा हादसा सामने आया है. ताजा घटना में, जामुड़िया के हिजलगढ़ा पंचायत अंतर्गत बाटुल गांव में दो व्यक्तियों की मौत एक अवैध कुएं जैसे गड्ढे (कुयोखदान) में उतरने के बाद हो गई. इससे इलाके में अवैध खनन को लेकर फिर से चिंता और विवाद गहरा गया है. हालांकि अवैध कोयला तस्करी रोकने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों ने पहले ही कदम उठाए हैं. इस मामले में ईसीएल के कई कर्मचारी और अधिकारी गिरफ्तार हो चुके हैं, और सीबीआई ने आरोपपत्र भी दाखिल किया है. बावजूद इसके, इलाके में कोयला चोरी और तस्करी बंद नहीं हुई है. **पर्ची के नाम पर**



**वसूली जारी, पारदर्शिता पर सवाल :** स्थानीय सूत्रों के अनुसार, अवैध कोयले की ढुलाई अब भी जारी है. यह कोयला स्थानीय ईंट भट्टों, फैक्ट्रियों और अन्य छोटे उद्योगों तक पहुँच रहा है. बताया जा रहा है कि इसका बाजार मूल्य करीब छह हजार रुपये प्रति टन है. इसमें लगभग 1800 रुपये कोयले का मूल दाम है और बाकी 'पर्ची' के नाम पर वसूले जा रहे हैं. कई वैध कारोबारी भी आरोप लगा रहे हैं कि ईसीएल से नीलामी के जरिये कोयला खरीदने के लिए भी उन्हें एक स्थानीय गिरोह को प्रति टन 800 रुपये अतिरिक्त देने पड़ते हैं. इससे पारदर्शिता और वैधता पर सवाल खड़े हो रहे हैं.

**कोयला चोरी से जुड़े हादसे लगातार हो रहे हैं :** वर्ष 2023 में रानीगंज की एक परित्यक्त खदान में सात लोगों की मौत हुई. 2024 में बांसड़ा खदान में दो मजदूरों की जान गई. जनवरी 2025 में नॉर्थ सिहारसोल में सीआईएसएफ की कार्रवाई के दौरान भागते हुए एक युवक की मौत हो गई. 13 जून 2025 को कूल्टी में एक खदान में काम के दौरान मौत हुई. और अब 28 जून को जामुड़िया में दो मौतें फिर से गंभीर सवाल खड़े कर दिए है. इस घटनाक्रम को लेकर राजनीति भी गर्म है. वामपंथी दल के जिला सचिव पूर्व विधायक गौरांग चटर्जी ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्षी दलों की मिलीभगत से यह अवैध कारोबार चल रहा है, जिससे सरकार को भारी राजस्व नुकसान हो रहा है. वहीं बीजेपी की विधायक ने कहा कि पुलिस, प्रशासन और कोल कंपनी को मिलकर ऐसे खनन स्थलों की पहचान करनी चाहिए और तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए. ईसीएल के तकनीकी निदेशक का कहना है कि कंपनी अपनी ओर से नियमित छापेमारी कर रही है और सुरक्षा विभाग सक्रिय है. पुलिस और प्रशासन को भी समय पर सूचना दी जा रही है. पुलिस सूत्रों का कहना है कि उन्हें जैसे ही खबर मिलती है, कार्रवाई की जाती है. इन घटनाओं से साफ है कि इलाके में अवैध कोयला खनन एक गहरी जड़ें जमा चुकी समस्या बन गई है. प्रशासन और संबंधित कंपनियों को समन्वय के साथ और अधिक सख्ती दिखानी होगी, वरना मौतों का यह सिलसिला रुकने वाला नहीं.


### इनरव्हील क्लब का इंस्टालेशन समारोह

**रानीगंज।** महिलाओं की संस्था इनरव्हील क्लब रानीगंज का तीसरा इंस्टालेशन समारोह रोटरी क्लब के हाल में आयोजित हुआ. नव नियुक्त अध्यक्ष अनीशा भुवालका एवं उनकी टीम के महिलाओं ने शपथ ग्रहण किया. अध्यक्ष अनीशा भुवालका दुबे ने कहा कि अध्यक्ष पद का दायित्व को निभाने के साथ टीम के सदस्यों के साथ सामाजिक कामों में बढ़-चढकर काम करेंगे. महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई तरह की ट्रेनिंग की व्यवस्था की जाएगी इसके अलावा महिला सशक्तिकरण को मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्त्री रोग विशेषज्ञ अवंतिका रावत, विशिष्ट अतिथि रविन्द्र कौर वाधवा, मौसमी चटर्जी, सचिव श्वेता बरनवाल, अनुराधा झुनझुनवाला, वीणा बाजोरिया, रहैजा वाधवा, मुख्य रूप से उपस्थित थे.

## सड़क सुरक्षा जन जागरुकता के साथ बच्चों हुए पुरस्कृत

**शुभम संदेश।बराकर**

आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के बराकर ट्रैफिक गार्ड की ओर से सड़क सुरक्षा सप्ताह जन जागरुकता के चौथे दिन मदर मेरी स्कूल में छात्र छात्राओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया. इस दौरान बच्चों को जन जागरूकता के तहत ट्रैफिक नियम के साथ सेव ड्राइव सैफ लाइफ पर जागरूक किया. वहीं स्कूल के छात्र छात्राओं के बीच सीट एंड ड्रॉ कार्यक्रम का भी आयोजन कर उनको सर्टिफिकेट के साथ ट्रॉफी प्रदान की गई. कार्यक्रम में उपस्थित बराकर सब ट्रैफिक गार्ड के ओसी संजीव सरकार ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के चौथे दिन हमारे



ट्रैफिक के सभी अधिकारी ट्रैफिक के जवान लगातार पूरे बराकर क्षेत्र में सड़क पर उतरकर जागरूकता स्कूल, कॉलेज में जागरूकता अभियान लगातार चलाने का प्रयास कर रहे है, जिससे सड़क दुर्घटना जीरो टॉलरेंस की जा सके. वाहन चलाने के दौरान हेलमेट गाड़ी स्टार्ट के पहले पहने. इसके अलावा ट्रैफिक रुल, सिंगनल का पालन करण जरूरी है. ये सप्ताह लगातार कार्यक्रम चलता रहेगा.

